## खबर संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री ने किया शुचि का सम्मान



**मण्डला।** 51 वीं प्रिंस कप क्रिकेट प्रतियोगिता में 5 दिसंबर को मेकल स्पोट्र्स विरुद्ध महिस्मती स्पोट्र्स के मध्य खेले गए फाइनल मुकाबले में मेकल ने अपना विजेता होने का खिताब बरकरार रखते हुए मुकाबला जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि विधायक एवं केबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने खिलाडिय़ों को अच्छे प्रदर्शन पर शुभकामनाएं दी वहीं बालिका खिलाड़ी शुचि उपाध्याय को पुष्प गुच्छभेंट कर सम्मानित करते हुए प्रदेश देश में जिले का नाम रोशन करने एव निरंतर प्रगति करने की शुभकामनाएं दी है। इसी मंच पर पुरस्कार वितरण समारोह में पहुंचे अतिथि पूर्व विधायक डॉ शिवराज शाह शिवा भैया ने विजेता टीम मेकल मंडला एव उप विजेता महिष्मति क्लब को प्रिंस ट्रॉफी देते हुए कहा कि मंडला क्रिकेट निरंतर प्रगति पर है उसे हम सभी को मिलकर आगे बढ़ाना होगा। शिवा भैया ने प्रदेश टीम अंडर 19 एव अंडर 23 महिला टीम में चयनित होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर जिले की पहली बालिका खिलाड़ी शुचि उपाध्याय को क्रिकेट किट देकर सम्मानित किया एव निरंतर खेलने और देश का नाम रोशन करने की शुभकामना दी है। कार्यक्रम में राजेश पाठक, शैलेश मिश्रा, सचिन शर्मा, राजेंद्र तिवारी, अजय मिश्रा, इम्तियाज अली, मिंटू मिश्रा, मयंक अग्रवाल, बंटी भांगरे, शैलेश चौरसिया सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### अमानक उर्वरक पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**मण्डला।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मधु अली ने बताया कि उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के तहत उर्वरक एनपीके 12:32:16, विक्रेता म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित भण्डार केन्द्र निवास के नमूने गुणवत्ता परीक्षण में अमानक पाए जाने के फलस्वरूप संबंधित लॉट व बैच नंबर के उर्वरकों का जिले में क्रय-विक्रय, भंडारण एवं परिवहन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है।

### 26 जनवरी के कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में बैठक 8 को

**मण्डला।** 26 जनवरी के कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में 8 जनवरी 2024 को टीएल बैठक के पश्चात जिला योजना भवन बैठक हॉल में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में सभी संबंधितों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

## प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हज़ारों श्रद्धालु करेंगे एक साथ सुंदरकांड का पाठ

# 22 को राममय होगी महिष्मती नगरी

*** राममय ध्वजों से सजाया जायेगा पूरा नगर।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

श्री हनुमानलला सेवा समिति मण्डला के तत्वावधान में श्री राम लला की प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक 1008 भव्य संगीतमय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में समिति सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के उद्घाटन का समय तय हो गया है. इस शुभ कार्य के लिए 22 जनवरी 2024 की तारीख और 12:20 मिनट का समय तय किया गया है. अभिजीत मुहूर्त में यह कार्यक्रम होगा. सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार, इसी तारीख और शुभ मुहूर्त में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा के एक हफ्ते पहले से पूजा-पाठ का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।





इस भव्य एवम दिव्य अवसर पर मण्डला में भी एक विशेष आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मण्डला शहर के सभी गणमान्य नागरिक एवम व्यपारीयो के साथ ही समाज के वरिष्ठ नागरिक भी उपस्थित हुए। जिसमे सर्वसम्मति से दिनांक 22 जनवरी समय 3 बजे से रात्रि कार्यक्रम समाप्ति तक के आयोजन की विधिवत रूप रेखा बनाई गई साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी अपना अपना दायित्व निभाने की सहमति दर्ज कराई।

### ये होगी व्यवस्था

बैठक के दौरान बताया गया कि कार्यक्रम के पूर्व शहर के युवाओं द्वारा पूरे शहर में सफाई अभियान, माँ नर्मदा को चुनरी अर्पण, दीपदान एवम इस अविस्मरणीय दिन को भव्य बनाने के लिए पूरे शहर की सजावट की जाएगी जिसमे पूरे शहर को श्रीरामचंद्र एवम श्री हनुमान लला के बड़े बड़े 200 से ज्यादा कटआऊट लागये जाएंगे, श्रीराम नाम लिखे हुए 5000 ध्वज, शहर में सभी चौराहों में लगी महापुरषो की प्रतिमाओं पर साज-सज्जा एवं प्रकाश व्यवस्था, शहर के सभी प्रतिष्ठानों में आकर्षक लाइटिंग, शहर के सभी मंदिरों में पूजा पाठ, नगरपालिका मण्डला के सामने विशाल स्वागत द्वार, तहसील के सामने भव्य आकर्षक 50 फीट का मंच अदभुत विधुत साज सज्जा के साथ, श्री राम चन्द्र जी की सजीव झांकी, विशाल हनुमान जी की सजीव झांकी, सुमधुर संगीतमय सुंदरकांड पाठ, एलईडी वाल पर लाइव प्रसारण, शहर के मुख्य चौराहों पर एलईडी वाल में सुंदरकांड पाठ का प्रसारण, पाठ के दौरान पुष्प वर्षा, 2 से 3 घंटे की आतिशबाजी, 30 से ज्यादा विशाल भंडारे के पंडाल लागये जाएंगे। श्री हनुमानला लला सेवा समिति ने मण्डला के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुचकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने की अपील की है।

## भारतीय चिंतन में महिला' विषय को लेकर मातृशक्ति समागम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

माँ नर्मदा सामाजिक सेवा न्यास मंडला महिला समन्वय विभाग द्वारा मातृशक्ति समागम का आयोजन किया जा रहा है। 7 जनवरी रविवार को प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक आयोजित यह कार्यक्रम स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में होगा। 'भारतीय चिंतन में महिला' विषय को लेकर आयोजित इस मातृशक्ति समागम का उद्देश्य समाज की प्रबुद्ध वर्ग की महिलाओं को एकत्रित कर सकारात्मक सामाजिक चिंतन है।

### भारत स्त्रीत्व के तेज और कर्तृत्व का ही साकार स्वरुप

कार्यक्रम संयोजक पुष्पा ज्योतिषी ने बताया कि भारत की सांस्कृतिक समृद्धता का आधार भारत की पारिवारिक जीवन शैली है। परिवार तक मूल्यों को दृढता प्रदान करने का कार्य मातृशक्ति का ही रहा है, भारत स्त्रीत्व के तेज और कर्तृत्व का ही साकार स्वरुप है। इसीलिये भारत को भारत माता कहकर स्त्रीत्व को सम्मान दिया गया है। समाज में इस भाव की दृढता बनाये रखने के लिये महिलाओँ के बीच इस विमर्श का मनन और चिंतन आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से समाज की प्रबुद्ध वर्ग की महिलाओं को एकत्रित कर चिंतन करते हुये कुछ ना कुछ सकारात्मक निष्पन्न हो इसलिये 7 जनवरी, रविवार को सुबह 10 बजे से 4 बजे सरस्वती शिशु मंदिर मण्डला में मातृशक्ति समागम आयोजित किया गया है।

### विषय 'भारतीय चिंतन में महिला'

उन्होंने बताया कि 'भारतीय चिंतन में महिला' विषय पर आयोजित इस समागम में केवल पंजीकृत बहनें ही सहभागी हो सकेंगी। इस वैचारिक मंथन में तीन सत्र होंगे। प्रथम सत्र की वक्ता श्रीमती निर्मला नायक अधिवक्ता मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर हैं जो भारतीय चिंतन में महिला विषय पर मार्गदर्शन करेंगी। दूसरा सत्र चर्चा का है जिसमें उपस्थित बहनों की सहभागिता रहेगी। इसी प्रकार तीसरे सत्र में सुश्री वसुंधरा सिंह केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य,मध्यक्षेत्र की क्षेत्रीय छात्रा प्रमुख का मार्गदर्शन भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर प्राप्त होगा।

### महिलाओं को अभिव्यक्त होने का मिले अवसर

पुष्पा ज्योतिषी ने मातृशक्ति से आग्रह किया है कि संपूर्ण देश में महिलाओं को अभिव्यक्त होने का अवसर मिले एवं वे एक साथ एक मंच पर एकत्र आकर संगठित हो सकें व नीति निर्धारण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभा सकें इस वृहद् उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में आप भी लालीपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में प्रातः 10 बजे से 10:45 तक पंजीयन करवा कर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर सकते हैं।

# पॉलीथिन एवं डिस्पोजल पर रहेगा पूर्णतः प्रतिबंध

*** उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा आयोजन को लेकर हुई बैठक।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



वर्ष 2024 में नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा का सामूहिक आयोजन 02 मर्तबा किये जाने का निर्णय लिया गया है इसके पीछे एक बड़ा कारण यह है कि यह परिक्रमा सिर्फ चैत्र माह में ही की जाती है और इस परिक्रमा में महाराष्ट्र के नर्मदा भक्तों की संख्या अधिक होती है चूंकि महाराष्ट्र के हिन्दी माह हिन्दू प्रदेशों के हिन्दी माह से 15 दिन बाद प्रारंभ माने जाते हैं इसीलिये जब प्रदेश का चैत्र माह समाप्त हो जायेगा तो उसके 15 दिन बाद भी परिक्रमा का क्रम जारी रहेगा जिसमें महाराष्ट्र के वासियों को पूर्ण रूप से अवसर मिल सकेगा और इसी कालखण्ड में दूसरी सामूहिक परिक्रमा रखी गई है जिसमें स्थानीय नर्मदा भक्तों के अलावा महाराष्ट्र के नर्मदा भक्त भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष सामूहिक परिक्रमा का आयोजन समिति द्वारा एक ही समय किया गया था अब यह आयोजन सभी की सहमति से 02 बार किया जा रहा है पहली सामूहिक परिक्रमा 20 अप्रैल 2024 दिन शनिवार को प्रातः प्रारंभ होगी और 21 अप्रैल 2024 को संपन्न होगी। दूसरी सामूहिक परिक्रमा 04 मई को प्रारंभ होकर 05 मई को संपन्न होगी।

### जनपद सभागार में हुई बैठक

शुक्रवार 05 जनवरी को माँ नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा को लेकर एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समिति सदस्यों के अलावा अन्य गणमान्यजन तथा नर्मदा भक्त एवं समाजसेवी उपस्थित रहे इनमें प्रकाश दीक्षित, नरेश कछवाहा, अखिलेश कछवाहा, संतोष सोनू भलावी, अभिनव चौरसिया, श्याम श्रीवास, श्रीमती रेणुका परमार, श्रीमती तृप्ति शुक्ला, सुधीर कांसकार, मुकेश सोनी, वैशाखू नंदा, निकेश्वर पटेल, ओमप्रकाश धामेजा, डॉक्टर गजेंद्र गुप्ता, योगेन्द्र परमार, गुड्डा अग्रवाल, सोनल बर्मन, बैशाखू नंदा आदि शामिल थे।

बैठक में विशेष रूप से परिक्रमा पथ को लेकर व्यापक चर्चा की गई फोकस इस बात को लेकर किया गया कि परिक्रमा ज्यादा से ज्यादा माँ नर्मदा के तट के समीप से हो ताकि परिक्रमा के दौरान माँ नर्मदा के दर्शन परिक्रमावासियों को होते रहें। परिक्रमा के दूसरे दिन जब तट परिवर्तन के पश्चात बबैहा से मण्डला परिक्रमा यात्रा आती है तो मुख्य मार्ग से आना पड़ता है जो व्यवहारिक रूप से एक कठिन अनुभव है चूंकि दिनभर भारी वाहनों की आवाजाही इस मार्ग से होती है एवं अप्रैल तथा मई माह में गर्मी भी अधिक होती है लिहाजा पैदल चलना ऐसे मार्गो पर दुष्कर होता है लिहाजा नर्मदा जी के किनारे-किनारे वैकल्पिक मार्ग तलाशने का प्रयास भी जारी है।

परिक्रमा आयोजन को लेकर विभिन्न समितियों का भी गठन किया गया और इनके प्रभारी भी अलग-अलग नियुक्त किये गये हैं जिन समितियों का गठन किया गया उनमें आवास समिति, परिवहन, स्वच्छता, संत सम्पर्क, धन संग्रह, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भोजन एवं अल्पहार तथा झांकी निर्माण शामिल हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है कि इस बार परिक्रमा में शामिल होने वालों की संख्या अत्याधिक होगी लिहाजा स्वच्छता को मद्देनजर रखते हुये पॉलीथिन एवं डिस्पोजल पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है।

## बेख़ौफ हो रही चोरियां, चोरों को नहीं पुलिस का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज




टिकरिया थाना के अंतर्गत नारायणगंज में आये दिन चोरी की वारदात हो रहीं हैं विगत दिनों पहले भी चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। बीती रात में भी चोरों ने एक दुकान में सटर तोड़ कर लगभग 60000 रूपये नगदी ले कर ले उड़े , जिसपर पुलिस की कार्यशैली पर उंगलियाँ उठने लगी हैं। रात्रि गस्त होने के बावजूद भी चोरी की वारदातों में बेखौफ हो रही चोरियां, चोरों को टिकरिया पुलिस का डर नहीं है।

रात्रि गस्त के नाम पर पुलिस की गाड़ी रात में गाँव में मुख्य मार्ग से सायरन बजाते हुए निकल जाती है। टिकरिया पुलिस रात्रि गस्त के नाम पर औपचरिकता ही करती है। सूत्रों से मिली जनकारी से पता चल है कि पुलिस बल की कमी के कारण ये वारदातों पर रोक नहीं लगाई जा पा रही है।

## घाघा के हाईस्कूल के पास फेंके मृतक जानवर

**मण्डला।** जिले के समीपस्थ ग्राम घाघा में शासकीय हाई स्कूल घाघा संचालित है ग्राम के निवासी बच्चू लाल यादव पिता इंद्र लाल के द्वारा मृत बैल एवं फत्तू लाल धुर्वे के द्वारा मृत गाय को स्कूल के पिछवाड़े में फेंक दिए हैं इनकी बदबू से शालेय छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का स्कूल में बैठना दूभर हो गया है विद्या मंदिर को अपवित्र करने वालों के प्रति शीघ्र कार्यवाही करने की मांग की गई है। लंबे समय से शासकीय हाई स्कूल के पास तथाकथित लोगों के द्वारा गंदगी फैलाई जाती है लेकिन अब तो हद कर दी गई है मरे जानवरों को यहां फेंका गया है। जिसकी शिकायत स्कूल के जबावदारों के द्वारा की गई है।

## एस.बी.आई. द्वारा गरीबों को कम्बल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय मंडला के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक सामाजिक सेवा बैंकिंग के अंतर्गत 6 जनवरी को बैगा-बैगी जनजाति बाहुल्य ग्राम पंचायत बनियातारा एवं नर्मदा रपटा घाट व बस स्टैंड में महिलाएं बुजुर्गों जरुरतमंदों एवं निराश्रितो को ठण्ड से बचाव हेतु कम्बल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बनियातारा के सरपंच सचिव ग्रामीण व भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय मंडला के क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार, मुख्य प्रबंधक जनार्धन लाल, मुख्य प्रबंधक मुकेश सोनी, प्रणव शुक्ला, सपन चक्रवर्ती, मोहित, अभिषेक सिन्हा एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक जहां अपने ग्राहकों को अच्छी सेवा उपलब्ध कराती है। तो वहीं दूसरी ओर सामाजिक सेवा बैंकिंग के अंतर्गत जरूरत मंदों की मदद भी करती है। समय-समय पर एसबीआई द्वारा समाज हित के कार्य किए जाते हैं इसी कड़ी में शनिवार को ग्राम पंचायत बनियातारा के साथ बस स्टैंड और रपटा घाट में गुजर बसर करने वाले लोगों को गर्म कपड़े दिए गए। इन दिनों भीषण ठंड से हर कोई परेशान है ऐसे में गर्म कपड़े जरूमंदों के लिए संजीवनी का काम करेंगी। वहीं इस दौरान चरणपादुका भी वितरण की गई। वहीं लाभ मिलने वाले जरूरतमंदो ने कहा कि वे भारतीय स्टेंट बैंक का आभार व्यक्त करते हैं।



**प्रयास** | केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी के समक्ष रखी क्षेत्र के समग्र विकास की मांग

# मण्डला-जबलपुर मार्ग की स्थिति से कराया अवगत

*** नागपुर जाकर गडकरी से मिली सम्पतिया उइके।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री मण्डला विधायक श्रीमती संपतिया उइके नेतृत्व में जिले के प्रतिनिधि मंडल ने भारत सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सड़क परिवहन मंत्री श्री नितिन गड़करी से नागपुर स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर विकास कार्यों सहित मंडला जबलपुर रोड के विषय में चर्चा की। इस अवसर पर श्रीमती उइके ने मंडला जिले के विभिन्न पुल, मार्ग, बाईपास और फ्लाई ओवर के निर्माण की मांग सहित जिले की जन अपेक्षाओं से अवगत कराया। इस दौरान लोक निर्माण सभापति शैलेष मिश्रा विवेक अग्निहोत्री राकेश जैन सचिन शर्मा उपस्थित रहे।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि कैबिनेट मंत्री श्रीमती उइके ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को अवगत कराया कि नेशनल हाईवे 30 अंतर्गत मण्डला-जबलपुर मार्ग में चल रहा निर्माण कार्य संतुष्टि पूर्ण नहीं है। उक्त कार्य गुणवत्ता पूर्ण और निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किये जाने के लिए आवश्यक करवाई का अनुरोध किया। साथ ही वर्तमान में बढ़ते यातायात को देखते हुए मण्डला-जबलपुर मार्ग को फोर लेन किये जाने और इस मार्ग के सभी पुलों के पुनर्निर्माण की मांग रखी। नेशनल हाईवे में बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सेमरखापा, बिनैका, जंतीपुर, अंजनिया क्रासिंग पर फ्लाई ओवर तथा बीजाडांडी, बिछिया में बाईपास की मांग की।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी से अनुरोध किया कि नेशनल हाईवे 543 मण्डला को बालाघाट और डिंडोरी जिले से जोड़ती है। मण्डला से डिंडोरी एवं मण्डला से बालाघाट मार्ग को नेशनल हाईवे के मापदंड अनुरूप एवं इस मार्ग के लिए मण्डला बाईपास बनाये जाने का अनुरोध किया। साथ ही मण्डला नगर और नजदीकी ग्रामीण क्षेत्रों के बीच यातायात की सुगमता के लिए एनएच 30, एनएच 543 सहित अन्य राज्यमार्गों को आपस में जोड़ने के लिए करीब 50 किमी के रिंगरोड की आवश्यकता पर चर्चा की।

बिछिया से समनापुर होते हुए डिंडोरी मार्ग तथा चिरईडोंगरी से कान्हा मार्ग का चौड़ीकरण करते हुए नव निर्माण की मांग की। इसके अतिरिक्त आरटीओ कार्यालय के नजदीक बंजर पुल के नवनिर्माण, मंडला-महाराजपुर के बीच नर्मदा नदी पर नए पुल निर्माण, पिंडरई-केवलारी मार्ग पर थांवर पुल एवं सुरखी से इंद्री के मध्य पुल की आवश्यकता पर चर्चा कर जिलेवासियों की अपेक्षानुरूप मांगो को स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया।

इसके साथ ही श्रीमती उईके ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से जिले की आवश्यकता के अनुरूप अन्य विकास कार्यों की संभावना पर चर्चा की। केंद्रीयमंत्री श्री गडकरी ने मंडला जिले के निर्माण कार्यों की मांग व अन्य सभी विषयों पर त्वरित एवं आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## खबर संक्षेप

### सुअरों के विचरण से फैला रहा आक्रोश

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** स्वाईन फ्लू जैसी जानलेवा बीमारी के वायरस फैलाने में अहिम माने जाने वाले सुअरो के खुलेआम विचरण पर प्रभावी नियंत्रण न लगने का परिणाम है कि सैकड़ो की तादाद में रोज नगर में सुअर झुंड के रूप में घूमते हुए देखे जा रहे है तथा इस स्थिति के चलते लोगों दहशत फैला रहे है कि कही अब कोरोना वायरस की मार झेलने के बाद स्वाईन फ्लू वायरस अपनी आमद न दे डाले? क्योंकि नगर में जहां तहां घूमने वाले इन सुअरों से मुक्ति मिलना फिलहाल शहरवासियों को कठिन जान पड़ रहा है। गौरतलब है इन दिनों नगर के वार्डो, कालोनियो सहित शुक्रवारा सब्जी बाजार में तो सुअरों की उन्मुक्त विचरण लीला लगातार जारी है ही साथ ही सुअरो ने अब शहर लोगों के घरों के पास भरे रहने वाले पानी में भी अड्डा बनाने से नही चूक रहे है। जिसके चलते निश्चित तौर से यह भ्रमण करने वो सुअर शहर में गंदगी फैलाने के साथ साथ बीमारियों को जन्म देते हुये जान पड़ रहे है।

### निर्मल ग्रामों के नाम पर हो रही शासन की राशि बर्बाद

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** देश को विकास और समृद्धि की ओर अग्रसर करने के लिए केन्द्र हो या प्रदेश सरकार गांव को साफ सुधरा और हरा भरा बनाने की कवायद में है और इसके लिए शासन प्रशासन निर्मल ग्राम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है, इसके लिए समय समय पर गांव को चयानित कर वहां पर लाखो करोड़ो रूपये की राशि खर्च की जा रही है, जिसमें गांव के प्रत्येक परिवारो के घरो में शौचालय बनाये गये है। मगर उन शौचालयों की सच्चाई शायद ही किसी से छिपी होगी, क्योंकि शासन की राशि से बने हुए शौचालय यदि अपना एक जन्म दिन मना ले तो बहुत बड़ी बात समझी जावेगी...? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि क्षेत्र के अनेक गांव में पक्की नालियां सड़क और कूडादान व जल स्त्रोतो को साफ सुधरा बनाया जाना है और इसकी देख रेख के लिए जिला स्तर पर हर ब्लाक में अलग से कर्मचारी भी नियुक्त किये गये है जिन्हे वेतन के रूप में मोटी रकम और भ्रमण करने के लिए वाहन उपलब्ध कराये गये है, लेकिन ये अधिकारी कर्मचारी अपनी आफिसो में बैठे बैठे ही योजना का संचालन कर रहे है और इसका परिणाम यह देखने में आ रहा है कि गांव में बनायी गई सड़के एक दो वर्षो में ही पूरी तरह उखड़ चुकी है। इस तरह शासन की राशि खर्च करते हुये गांव गांव गांव बनाये गये शौचालय कचरो एवं कूडादानो में तब्दील हो गयी है? कचरा घर टूट गये है और जल स्त्रोतो के समीप हरी घासे एवं दलदल निर्मित हो गयी है। मगर इसके इसके बाबजूद शासन द्वारा इन निर्मल ग्रामो को पुरूस्कार द्वारा नवाजा गया था, जिसमें लाखो रूपये की इनाम राशि को भी सरपंच सचिवो ने डकार ली? यदि इन गांवों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक पंचायते तो इस प्रकार की जहां पर लोग आज भी शौच के लिए बाहर जाते हुए नजर आते है और दूसरी ओर सड़कों की गुणवत्ता को दर किनार करते हुए कमीशन की आड़ में अधिकारियों द्वारा उन्हें पास कर दिया गया है जो चंद दिनों के बाद भी टूटना शुरू हो चुकी है।

### पौधें के साथ प्लेट फार्म भी हो रहे हैं गायब

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के तहत क्षेत्रवासियों की उम्मीद थी कि इस योजना के तहत बीते हुये वर्षो में प्रत्येक ग्राम पंचायत मे लगाए गये पेड़ों से क्षेत्र हरित जिले मे स्थान पा सकेगा, लेकिन आलम यह है कि लगाए गए पेड़ तों गायब ही है साथ ही उनके लिए बने प्लेट फार्म भी लगभग गायब होते जा रहे है, जिस कारण क्षेत्रवासियों का यह समना ग्राम पंचायतों के पिछली पंचवर्षीय कार्यकाल के दौरान सरपंच, सचिवों एवं योजना को लागू करने वाले अधिकारी एवं उपयांत्रियों की मनमानी की भेंट चढ़ गया है। जानकारी अनुसार क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों में वर्तमान समय तक बमुश्किल पचास प्रतिशत भी पेड़ सुरक्षित नही है। वही दूसरी और क्षेत्र की अधिकतर ग्राम पंचायतों का हाल यह है कि लगभग सारे पेड़ सूख चुके है और उनके लिए बनाए गए प्लेट फार्म टूटकर विखरने लगे है।

### पुराने बस स्टेंट के पास युवक पर जानलेवा हमला

# दहशत फैलाने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**





निश्चित तौर गाडरवारा शहर को लोग शांति प्रिय नगर के रूप में पहचानते है। मगर कभी कभी इस नगर में घटित होने वाली घटनाओं के चलते जहां नगर की शांति व्यवस्था को तो ग्रहण लगता है दूसरी ओर नगर के लोग अपने आपको को असुरक्षित महसूस करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई दो दिन पहले यानि की बीते हुये गुरूवार की शाम नगर के पुराने बस स्टेन्ड के पास उस समय देखने मिली थी जब कुछ युवको द्वारा अचानक अपने हाथ में लाठी ठंडा सहित अन्य प्रकार के हथियार लेकर एक युवक पर जान लेवा हमला करते हुये जिस तरह शांति व्यवस्था को भंग करते हुये दहशत फैलाई गई थी उसके चलते जहां का महौल बिहार प्रांत स्थिति की ओर अग्रसर होते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा था? इस तरह दो दिन पहले नगर के मुख्य स्थान माने जाने वाले पुराना बस स्टेन्ड पर घटित हुये घटनाक्रम की चर्चा जहां शहर के चाय पान दुकानों से लेकर घरो घर सुनाई देने से नही चूक रही थी और लोग यह बात कहने से नही चूक रहे थें कि अगर हमारे शांति प्रिय नगर की यह स्थिति निर्मित होने लगी है तो फिर यहां पर रहने वाले लोग अपने आपको सुरक्षित कैसे रख पायेगे? वही बताया जाता है कि घटना की सूचना मिलते ही उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा व नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा अपनी गंभीरता का परिचय देते हुये मौके पर पुलिस बल पहुंचाया गया था। मगर मौके पर आरोपी भागने में सफल हो चुके थें। वही मौके पर मिले हुये घायल शेख असगर एवं शेख इमरान को तुरंत इलाज हेतु शासकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया। वही घटना के संबंध में पुलिस द्वारा अपनी जानकारी में बताया है कि प्रार्थी शेख असगर पिता शेख जब्बार द्वारा की गई शिकायत पर आरोपी शफीक कुरैशी, राहुल तथा विकास कुचबंदिया के आलवा संजय कहार के खिलाफ पुलिस द्वारा हत्या करने का प्रयास की धारा 307 सहित अन्य धाराओं के तहत मामला कायम किया गया था। इस तरह नगर में घटित हुई घटना की सच्चाई से नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराये जाने के चलते जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा सभी आरोपियों को शीर्घ गिरप्तार करने के आदेश दिये गये थें। वही आरोपियों की गिरप्तार के लिये अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटेरिया के मार्ग दर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के नेतृत्व में अलग अलग टीमों का गठन किया गया था। इस तरह बनाई गई टीमों में नगर निरीक्षक विक्रम रजक के आलवा एस आई अर्जुन सिंह बघेल, नीलेश बडकुर, ए एस आई राजेश तिवारी, प्रधान आरक्षक भास्कर पटैल, राम गोपाल सिंह राजपूत, वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, राकेश झा, दिनेश पटैल, सुजीत बागरी, प्रशांत सिंह राजपूत, ऐश्वर्य वेंकट को शामिल किया गया था। इन टीमों द्वारा संभावित अलग अलग जगहों पर लगातार दो दिन आरोपियों की खोजबीन में जगह जगह छापे मारी की गई जिसके चलते इस तहर नगर में युवक पर जानलेवा हमला करते हुये हत्या का प्रयास किये जाने के आरोपी शफीक पिता रफीक कुरैशी उम्र 35 साल निवासी हनुमान वार्ड, विकास पिता मलखान कुचबंदिया उम्र 30 साल निवासी कुचबंदिया मुहल्ला, राहुल पिता राजू कुचबंदिया उम्र 30 वर्ष निवासी सुभाष वार्ड तथा संजय उर्फ राजा पिता सियाराम कहार उम्र 30 वर्ष निवासी डोला बाबा विवेकानंद वार्ड को घटना के दो दिन बाद कटनी से पकड़ने में सफलता हासिल की गई है। वही पुलिस द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि सभी आरोपियों को गिरप्तार करते हुये मा. न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। पुलिस का कहना है कि इन आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी आवकारी अधिनियम के आलवा मारपीट, बलवा, आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मामले दर्ज होने के चलते गिरप्तार किया गया था जिसके चलते वह जमानत पर चल रहे है और पुलिस द्वारा इनकी जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है। इस तरह दो दिन पहले नगर की शांति व्यवस्था को भंग करते हुये युवक पर जान लेवा हमला करने के साथ दहशत फैलाने वाले आरोपियों को नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा दो दिन के अंदर गिरप्तार करने में सफलता हासिल की गई है। वही घटना के समय मौजूद लोगों द्वारा देखी गई सच्चाई को सुनाते हुये बताया जा रहा है कि यहां के हालत इस तरह बने हुये थें कि कुछ लोग अपन हाथों में डंडे लेकर जहां कुछ युवकों के साथ मारपीट तो कर ही रहे थें और दूरी ओर जाने जाने वाले लोगों से भी अभद्रता करने से नही चूक रहे थें। पूर्णरूप से फिल्मी स्टाइल पर च रहे इस घटना के दृश्य को देखकर लोग जहां अपनी दुकानों की शटरे बंद करने के लिये मजबूर होने लगे थें तो रास्ते से निकलने वाले लोग दहशत के चले मार्ग बदलते हुये निकलते हुये मौके से भागत हुये दिखाई देने से नही चूक रहे थें?

# सज रहा बेगम गुलाम का खेल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जिला पुलिस अधीक्षक से लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित गाडरवारा थाना प्रभारी द्वारा जुंआ सट्टे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये लगातार प्रयास किये जाने की बात कही जा रही है, मगर इसके बाद भी शहर से चंद किलोमीटर दूरी यानि की ग्राम पिठहरा के पास प्रतिदिन बीते हुये कुछ दिनों से सज रहे बेगम गुलाम का खेल जहां क्षेत्र में चर्चा का विषय बनने से नही चूक रहा है तो दूसरी ओर इस खेल के संबंध में जन चर्चाओं से मिल रही जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि इस अवैध कारोबार में जहां प्रतिदिन गाडरवारा ही नही बल्कि अन्य जिलों के नामकी गिरामी खिलाडी पहुंचकर लाखों के दांव लगाने से नही चूक रहे है...? इस तरह इतने बडे स्तर पर बादशाही दिखा रही बेगम गुलाम पर अंकुश लगाने में पुलिस की असफलता निश्चित तौर से तथा कथित कुछ पुलिस कर्मियों की भूमिका का सबालों के घेरे में लाने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर इस अवैध कारोबार में लिप्त रहने वाले 52 पत्तों के शोकीन अपनी खेल को लेकर गोपाल की बंशी बजाने से नही चूक रहे है? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि इस तरह गोपाल की बंशी बजाते हुये चल रहे अवैध कारोबार को किस ताराधारी से लेकर सफेद पोशों की संरक्षण मिल रहा है जिसके चलते वह दिन दुगना रात चौगना तरक्की करने से नही चूक रहा है? इसी का परिणाम में की क्षेत्र में 52 पत्तों के अवैध कारोबार के साथ साथ मादक पदार्थो का व्यापार भी अपनी गति पकड़ते हुये दिखाई देने लगा है तथा अवैधानिक कृत्यों में लिप्त रहने वाले लोग यहां पर अपने आपकों को चेन की बंशी बजाते हुये सुरक्षित महसूस करने से नही चूक रहे है? बताया जाता है कि इस तरह पिठहरा क्षेत्र में बीते हुये कुछ दिनों तक चला यह अवैध कारोबार जब चर्चाओं में आने के बाद मीडिया द्वारा इस सच्चाई से अधिकारियों को अवगत कराये जाने से हू हल्ला मंच जाने की स्थिति में इस अवैध कारोबार पर कुछ दिनों तक अंकुश लग गया था। मगर इसके बाद पुनः जगह में परिवर्तन होने के बाद एक बार फिर अपनी गति पकड़ने की चर्चाये सुनाई देना शुरू हो गया है?



# सालीचौका क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासी दहशत में, पुलिस थाने में नही रहता है बाहरी लोगों का कोई रिकार्ड

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि सालीचौका क्षेत्र में छोटी बड़ी घटित हुई चोरी की घटनाओं ने निश्चित तोर से पुलिस की भूमिका को सबालों के घेरे में खड़ा कर दिया गया है? क्योंकि जिस तरह चोरों द्वारा चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हुये गुप्त केमरों में आरोपियों की फोटो आने के बाद भी पुलिस उनकी खोज करने में असफल देखी जा रही है वह निश्चित तौर से पुलिस की उदासीतना का खुला प्रमाण उजागर करते हुये जान पड़ रही है। वही दूसरी ओर इस तरह घटित होने वाली घटनाओं को लेकर क्षेत्र के लोग दहशत में देखे जा रहे है। सही मायने में देखा जावे तो हर वर्ष नंबर माह से लेकर मार्च अप्रैल तक क्षेत्र में संचालित होने वाले शुगर मिलो सहित धान का कार्य करने के लिये बाहरी यानि की अन्य प्रांतों के लोगों का क्षेत्र में डेरा जमा रहता है। नियम के अनुसार तो इस तरह बाहर से आने वाले लोगों का पुलिस थाने में रिकार्ड दर्ज रहना चाहिये। क्षेत्र में हजारों की संख्या में बाहरी लोगों का सालीचौका क्षेत्र में इस समय डेरे जमें हुये देखे जा रहे है। वही सैकड़ो की संख्या में सालीचौका नगर सहित गांवों में अनेक प्रकार की सामग्री विक्रय करने वालों को घूमते हुये देखा जा रहा है। मगर इन लोगों का रिकार्ड शायद ही पुलिस थाने में मिल पायेगा? क्योंकि पुलिस द्वारा इस तरह बाहरी लोगों के संबंध में न तो कोई जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है और न ही अपने थानें में इनका रिकार्ड तैयार करने की जरूरत महसूस की जा रही है। इसी का परिणाम है कि इस तरह के लोग अनेक प्रकार के अपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हुये आसानी से निकल जाते है और बाद में पुलिस द्वारा खोजबीन के नाम पर अपनी औपचारिकता निभाते हुये देखी जाती है। जबकि गौर किया जावे तो जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना प्रभारियों से लेकर चौकी प्रभारियों को क्षेत्र में बाहर से आये हुये लोगों की संपूर्ण जानकारी एकत्र करने के आदेश दिये गये थें। मगर शायद ही किसी थाना व चौकी प्रभारी के साथ इस तरह से बाहरी लोगों का कोई रिकार्ड मौजूद मिल पायेगा? पुलिस द्वारा इस तरह बरती जा रही उदासीनता का परिणाम है कि क्षेत्र में दिनों इन चोरी सहित अन्य प्रकार की अपराधिक घटनाओं में इजाफा होते हुये देखा जा रहा है।



# रेल्वे गेट के पास बढ़ते अतिक्रमण व आवारा गर्दी वालों की हरकतों पर नही लग रहा है अंकुश





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

इस समय शहर में खाली पड़ी हुई शासकीय भूमि पर खुलेआम अतिक्रमण को जाल बिछते हुये देखे जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता पूर्ण कार्य प्रणाली निश्चित तौर से जहां अतिक्रमणकारियों के लिये संरक्षण की मुद्रा में प्रतीत होने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर जिस तरह नगर के रेलवे स्टेशन के समीप यानि की चीचली की ओर जाने वाले मार्ग पर लगे हुये रेल्वे गेट के पास अतिक्रमण करते हुये स्थापित हो रही दुकानों पर जहां सुबह से लेकर देर रात तक आवारा गर्दी करने वालों का जमावडा लगा रहता है तो दूसरी ओर शाम होते ही यहां पर शराब खोरी करने वालों की अशोभनिय हरकते देर रात चलने के कारण यहां पर निवास करने वाले लोगों के साथ साथ इस मार्ग से निकलने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है? रात के समय तो हालत यह बन जाते है कि नगर के युवा दर्जनों की सुख्या में अपनी गाड़ियों से पहुंचकर एकत्र हो जाते है और खुलेआम मादक पदार्थो की बिक्री व सेवन का दौर शुरू होता है जो देर रात तक चलता रहा है। इस संबंध में स्थानीय पुलिस को अवगत कराये जाने के बाद कुछ दिनों तक तो पुलिस द्वारा नजर रखी गई मगर सच्चाइ्र को फिर भुला दिये जाने के चलते अब आवारा गर्दी करने वालों के लिये यह स्थान प्रमुख अड्डा बनकर रहे गया है। यहां पर मादक पदार्थो की ब्रिकी की सच्चाई पर गौर किया जावे तो पुलिस थाने में दर्ज अनेक मामलों में मादक पदार्थ यानि की स्मैक के कारोबारियों को इसी क्षेत्र से पकड़ने में सफलता हासिल की गई थी इस तरह पुलिस के रिकार्ड के अनुसार यह क्षेत्र आवारा गर्दी करने वालों के साथ मादक पदार्थो की मंडी के रूप में भी तब्दील होते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? बताया जाता है कि यहां पर खाली पड़ी हुई सड़क किनारे की भूमि पर लोगों द्वारा खुलेआम अतिकमण करते हुये अपनी दुकाने स्थापित की गई है। इन दुकानों पर दिन भर आवारा गर्दी करने वाले तत्वों का हुजूम रहने के चलते आम लोगों के साथ साथ स्कूल आने जाने वाली छात्राओं को परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि यहां पर लगी हुई दुकानों पर बैठे रहने वाले इन तत्वों द्वारा आसपास के गांवों से स्कूल आने वाली छात्राओं के साथ अशोभनीय हरकते करते हुये छीटाकशी करने से नही चूकते है और छात्राये दहशत व भय के चलते इन मनचलों की हरकतों से परेशान होकर अपमान का कढावा घूंट पीने के लिये मजबूर हो रही है। वही दूसरी ओर कुछ इसी प्रकार का हाल रात के समय भी देखने मिल रहा है। क्योंकि जब पूरे शहर की दुकाने बंद हो जाने के बाद भी यहां पर अतिक्रमण करते हुये स्थापित की गई दुकाने देर रात तक चलते हुये देखी जाती है जहां पर शराब की अवैध विक्री से लेकर अन्य प्रकार के मादक पदार्थो की आसानी से उपलब्धता के चलते युवाओं को इसी और दौड़ते हुये देखा जाता है। रात के समय यहां पर दुकानों से लेकर खुले मैदान में शाम से लेकर देर रात तक शराब खोरी होने के कारण लड़ाई झगड़ा होना तो आम बात हो चुकी है। मगर शराब खोरी करने वाले लोगों द्वारा रात के समय इस मार्ग से निकलने वाले लोगों के साथ अभद्रता करने से नही चूकते है तो दूसरी ओर इस क्षेत्र में निवास करने वाले लोग भी इस तरह नगर के रेल्वे गेट के पास दिन रात होने वाली आवारा गर्दी से परेशान होते हुये देखे जा रहे है। जबकि गौर किया जावे तो पूर्प में अनेकों बार रेल्वे की इस भूमि पर दुकाने स्थापित करने वाले के खिलाफ आर पी एफ के अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करते हुये इन्हे हटा दिया गया था। मगर पता नही क्योंकि आर पी एफ सहित रेल पुलिस व नगर के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा यहां पर दिनों दिन बढ़ रहे अतिक्रमण को नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि आम लोगों के लिये भुगतने मजबूर होना पड़ रहा है।

# वृद्वजनों को भोजन कराते हुये वितरण किये कम्बल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि कुछ लोगों द्वारा समाजसेवा के नाम पर जरा से फलों का वितरण करते हुये अखबारों की सुर्खियों में छाने की कोई कसर नही छोड़ते है। मगर कुछ लोग इस प्रकार से भी होते है जो समाज सेवा करते हुये कभी किसी भी प्रकार से लोगों की नजरों में आने व दिखावा करने का प्रयास न करते हुये वह सदा ही अपने काम को अजाम देने में लगे हुये दिखाई देते है। इस प्रकार के लोग बहुत ही कम देखने मिलते है जिन्हें इस प्रकार से समाज सेवा करने का जो जुनून सबार होता है और उसी के चलते वह अपने सभी कार्यो को छोड़ते हुये सिर्फ समाज सेवा को बगैर किसी दिखाबे के अजाम देने में लगे रहते है। इन्ही में शामिल है नगर ही निवासी विशाल सिंह ठाकुर जो प्रतिदिन भूखे बैठे हुये वृद्धजनों को बगैर किसी दिखावे व प्रदर्शन



करते हुये भोजन पहुचते हुये देखे जाते है। बताया जाता है कि नगर की नगर पालिका में पदस्थ रहे व रेल्वे स्टेशन क्षेत्र में निवास करने वाले विशाल सिंह ठाकुर बीते हुये 7 वर्षो से लगातार शाम के वक्त लोगों के घरों से एक एक दो दो रोटी एकत्र करते हुये रेल्वे स्टेशन पहुंचकर एकत्र किये गये भोजन के बंडल बनाने के बाद उन भूखें बैठे हुये वृद्धजनों को वितरण कर देते है जो दिन भर नगर में मांगने के बाद भी शाम को अपनी भूख नही मिटा पाते है। इस बात की सच्चाई रेल्वे स्टेशन के पास उस समय देखने मिली जब विशाल सिंह ठाकुर को अपने कुछ साथियों के साथ बैठकर रोटी सब्जी को पेपर की रद्दी के टुकडो में बंडल बनाते हुये देखते हुये जब उनसे चर्चा की गई तो ठाकुर द्वारा हरिभूमि से अपनी चर्चा के दौरान बताया कि उनके द्वारा लोगों के घरों में शाम के वक्त पहुंचकर शेष बचा हुआ भोजन मांगते हुये एकत्र करने का कार्य करते है ।

# उम्रदराज पेड़ किसी दिन बड़ी घटना को दे सकता है अंजाम?



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

पर्यावरण की रक्षा के मकसद से हालांकि प्रदेश सरकार, स्वयंसेवी संस्थाएं, समाज सेवी संस्थाओं द्वारा शहर में लगातार वृक्षा रोपण कराकर नगर की हरीतिया सलामत रखने की दिशा में निरंतर पहल कर रहे है, किन्तु इसके बाबजूद देखने में आ रहा है कि लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाली व्यस्ततम सड़कों के दोनों ओर जो पुराने पेड़ लगे है, जिसका परिणाम है कि ये पेड़ खोखले होते जा रहे है और उनकी शाखायें बोझिल हो गयी है और दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते हुए उनके गिरने का अंदेशा हमेशा बना रहता है। उल्लेखनीय है कि लोकनिर्माण विभाग के अधीन आने वाली स्टेशन से शहर व गाडरवारा से सांईखेड़ा की ओर जाने वाली सड़क के किनारों पर आम और अन्य फलों के वृक्ष सीना तान खड़े है, इनमें से अधिकांश वृक्ष उम्र दराज बताये जाते है। बताया जाता है कि पूर्व वर्षो में उक्त सड़क के किनारे आम के वृक्षों की नीलामी की व्यवस्था संबंधित विभाग द्वारा की जाती थी, किन्तु अब आम के वृक्षो के नीलामी का काम बंद हो गया है और ये पुराने पेड़ बिना धनीधोरी के रह गये है? हालत यह है कि कभी- कभार कई आम के पेड़ जरा से तूफान चलने के दौरान या तो बीच सड़क पर गिर जाते है या फिर उन्हें शहीद कर दिया जाता है? चौकांने वाली सच्चाई है कि पहले हरिभूमि व आमजनता द्वारा आवाज उठाने के बाद भी लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाली सड़क के किनारे लगे वृक्षों की कांट छांट या उनके रख रखाब का उचित प्रबंध नही किया गया है मगर अब उनकी अनदेखी किये जाने के कारण यह पुराने पेड़ अब गंभीर घटनाओं का सबब बनने लगे है।

खबर संक्षेप

## दिव्यांग छात्रों को वितरण किया गया ट्राइसिकल, उपकरण एवं कृत्रिम अंग



**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** जनपद शिक्षा केन्द्र मेंहदवानी में गुरुवार को विशेष आवश्यकता वाले सीडब्लूएसएन बच्चों का उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 25 छात्र छात्राओं को ट्राइसिकल,श्रवण यंत्र उपकरण एवं कृतिम अंगों का वितरण किया गया। उपकरण वितरण शिविर में श्रवण विशेषज्ञ डॉ प्राणेश मिश्रा, कृत्रिम अंग विशेषज्ञ डॉ राजेश कुमार, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण विशेषज्ञ डॉ प्रफुल्ल ठाकरे उपस्थित रहे। इस दौरान जनपद शिक्षा केन्द्र मेंहदवानी के बीआरसी संतोष कुमार ठाकुर,बीएसी हनीफ अली,आनंद दुबे,सीएसी रमेश ठाकुर,रवि साहू,एमआरसी श्रीमती रजनी गौतम,एमआईसी पुष्किन अरोरा मौजूद रहे।

## करौंदी वासियों को जल्द मिलेगा नल जल योजना का लाभ

**शहपुरा ।** शहपुरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम करौंदी में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण कार्य का पूजन-अर्चन के पश्चात ठेकेदार के द्वारा शुभारंभ कर दिया गया है। आपको बता दें कि करौंदी में जल जीवन मिशन के तहत 1 लाख 75 हजार लीटर की क्षमता वाले पानी टंकी का निर्माण किया जाना है।

### पीएम जनमन योजना अंतर्गत किये जाने वाले शामिल कार्य

# प्रधानमंत्री जनमन योजना की समीक्षा बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** शनिवार को कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि कन्या शिक्षा परिसर मण्डला रोड डिंडौरी में पीएम जनमन योजना (प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान) के तहत विशेष पिछडी जनजातियों के कल्याण की दिशा में एक दूरदर्शी पहल के उद्देष्य से स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, शिक्षा, वन, सर्व शिक्षा, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, बैंकिंग, कौशल विकास, विश्वकर्मा योजना, खेल, कृषि, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, जलजीवन मिषन, दूरसंचार विभाग, पट्टा वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान सम्मान निधी, मत्स्य पालन, पशुपालन आदि विभागों की जानकारी दी, जिसमें विकासखंड अमरपुर के 41 ग्राम पंचायत, बजाग के 31 ग्राम पंचायत, डिंडौरी के 99 ग्राम पंचायत, करंजिया के 33 ग्राम पंचायत, मेंहदवानी के 45 ग्राम पंचायत, समनापुर के 56 ग्राम पंचायत एवं विकासखंड शहपुरा के 41 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। जिसके सर्वे हेतु विस्तृत जानकारी बैठक में शामिल बीआरसी, बीईओ, सीईओ, ग्राम सचिव, महिला बाल विकास सुपरवाईजर, कृषि विभाग के ग्राम विस्तार अधिकारी एवं विभाग प्रमुखों को जानकारी दी गई। एवं जनमन योजना से संबंधित योजना संबंधित विभाग प्रमुख के द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे ग्राम पंचायत स्तर पर सफलता पूर्वक योजना का क्रियान्वयन हो सके। जिले में बैगा एवं भारिया जनजाति को आगे लाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। जिसमें पीवीजीटी समुदाय के प्रत्येक पात्र व्यक्तियों को शौचालय सहित पक्का घर उपलब्ध कराना, समुदाय प्रत्येक पात्र परिवार के घर में स्वच्छ पेयजल जनजल के माध्यम से उपलब्ध कराना, 100 या अधिक पीवीजीटी समूह की जनसंख्या वाले टोले मजरे तक सडक निर्माण कार्य कराना, व्यक्तियों के घर तक बिजली की उपलब्धता कराना, स्कूल से संयोजित छात्रावास की उपलब्धता सुनिश्चित करना, नव युवकों को माई भारत स्वयं सेवकों के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षाध कौशल साक्षरता उपलब्ध कराना, बहुउद्देशीय केन्द्र एवं चलित चिकित्सकीय वाहन के माध्यम से पीवीजीटी समुदाय के सभी व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना, आंगनवाडी



केन्द्रों के माध्यम से बहुउद्देशीय केन्द्रों में पोषण उपलब्ध कराना, वन धन विकास केन्द्रों के माध्यम से आजीविका स्तर पर सुधार करना,यूएसओएफ के माध्यम से बसाहटों में दूरसंचार सुविधा का प्रसार करना, प्रत्येक सदस्य को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत फ्री राषन उपलब्ध कराना, प्रत्येक सदस्य को पीएम उज्जवला योजना के अंतर्गत फ्री एलपीजी कनेक्षन उपलब्ध कराना, प्रत्येक सदस्य को आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता सुनिष्चित करना, गर्भवती महिला को प्रधानमंत्री पोषण योजना से लाभान्वित करना, गर्भवती महिला को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत संस्थागत प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराना, बसाहटों में अभियान चलाकर सिकल सेल, एनीमिया,टीकाकरण,टीबी प्रभावित मरीजों का चिन्हांकन करते हुए उन्हें इलाज उपलब्ध कराना, स्कूली बच्चों को पीएम पोषण योजना अंतर्गत मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराना, प्रत्येक पात्र सदस्य को पीएम जनधन योजना से लाभान्वित करना एवं प्रत्येक बालिका (0 से 10 साल आयु समूह) को सुकन्या समृद्धि योजना से लाभान्वित करना।

प्रधानमंत्री जनमन के प्रचार-प्रसार हेतु विभिन्न विकास विभागों द्वारा पीवीजीटी समुदाय को लाभान्वित करने से संबंधित स्वास्थ्य शिविर, वन धन विकास केन्द्र से संबंधित, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री विमलेश सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ,सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, वनमण्डल अधिकारी डिंडौरी, जिला शिक्षा अधिकारी , जिला परियोजना समन्वयक , कार्यपालन अभियंता म.प्र. विद्युत मंडल, प्रबंधक प्रधानंत्री ग्राम सडक योजना, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग, उपसंचालक कृषि विभाग अभिलाषा चैरसिया, जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी , कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, जिला प्रबंधक ई-गर्वनेंस दीपक साहू, अनुविभागीय अधिकारी दूर संचार विभाग, बैंक मैनेजर, प्राचार्य कौषल विकास विभाग सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**पीएम जनमन योजना के जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तर पर समितियों का गठन**

**डिंडौरी ।** कलेक्टर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 15 नवंबर को जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर पीएम जनमन का शुभारंभ किया गया है। राज्य की 3 विशेष पिछडी जनजातियों के लिए अधोसंरचना विकास एवं सामाजिक आर्थिक पिछड़ापन को दूर करने हेतु यह योजना तीन वर्ष तक क्रियान्वित की जाएगी। जिला पीएम जनमन अभिसरण समिति का निम्नानुसार गठन किया जाता है, जिसमें कलेक्टर अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नोडल अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी सदस्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सदस्य, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सदस्य, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सदस्य, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सदस्य, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी सदस्य, उपसंचालक कृषि अधिकारी सदस्य, कार्यपालन अभियंता म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. सदस्य, जिला सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी सदस्य, जिला प्रबंधक ई-गर्वनेंस सदस्य, अनुविभागीय अधिकारी भारत संचार निगम लि. सदस्य, लीड बैंक मैनेजर सदस्य, महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना सदस्य, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सदस्यध सचिव बनाया गया है। पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति विभिन्न विभागों के साथ अभिसरण एवं स्वीकृत कार्यों के पर्यवेक्षण की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगी। इसी तरह विकासखंड स्तर पीएम जनमन अभिसरण समिति का निम्नानुसार गठन किया जाता है, जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नोडल अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सदस्यध्सचिव, एमपीडब्लू, आशा,ए एनएम सदस्य, पंचायती राज तथा लोक निर्माण विभाग के पदाधिकारी सदस्य, एनआरईजीएके विलेज फील्ड वर्कर सदस्य, विद्यालय के एक अध्यापक, अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि सदस्य, ग्राम विकास अधिकारियों को सदस्य बनाए गए हैं।

# विधिक जागरूकता को लेकर अधिवक्ता संघ शहपुरा में आयोजित हुई कार्यशाला

### न्यायाधीश सीताशरण यादव सहित विद्वान अधिवक्ताओं के मध्य कानूनी परिचर्चा




**शहपुरा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मार्गदर्शन में लगातार जिला डिण्डोरी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें न्यायाधीश महोदय गांव जाकर ग्रामीणजनों सीधा संवाद करके उनके छोटे अपराधों के निराकरण के लिए कानूनी जानकारी देते है । इसी क्रम में बीच-बीच में अधिवक्ता संघ शहपुरा के सभागार में न्यायाधीश वरिष्ठ खंड सीताशरण यादव व न्यायाधीश दिलीप पाटिल का महत्वपूर्ण कानूनी मार्गदर्शन मिलता रहता है । आज अधिवक्ता कक्ष में न्यायाधीश सीताशरण यादव ने बताया की प्री लिटिगेशन, छोटे समनीय अपराध, व्यवहार वाद का आपसी सुलह से निराकरण किया जाता है तो सिविल केस में कोर्ट फीस वापिस हो जाती है वहीं आपसी सुलह से प्रकरण का निराकरण होता है तो हमेशा के लिए विवाद समाप्त हो जाता है जिससे कोर्ट में केसों की बाहुल्यता नही बढती है , न्यायाधीश महोदय ने कहा की सभी अधिवक्ता बंधुओ को हर एक दिन सुप्रीम कोर्ट के एक न्याय दृष्टांत पढना चाहिए जिससे नए कानूनों की जानकारी होती है । इसी क्रम में न्यायाधीश दिलीप पाटिल ने बताया की भरण पोषण के मामलों में ज्यादा से ज्यादा आपसी सुलह से प्रकरण निराकरण करवाना चाहिए जिससे एक प्रकरण के साथ साथ एक परिवार बिगड़ने से बच जाता है । आज के इस कार्यशाला में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दयाराम साहू ने अधिवक्ता साथियों को संबोधित करते हुए कहा की शहपुरा के अधिवक्ता साथी हमेशा प्रयास करते है कि प्रकरण आपसी सुलह से निराकरण हो जिससे पक्षकारों के मध्य हमेशा सौहार्द्र बना रहे । आज के इस कार्यशाला में न्यायाधीश सीताशरण यादव, न्यायाधीश दिलीप पाटिल, सहायक लोक अभियोजन अधिकारी प्रमोद पटेल, अधिवक्ता संघ शहपुरा अध्यक्ष दयाराम साहू, सचिव अनिल बर्मन, शपथ आयुक्त दीपचंद साहू, अधिवक्ता हरिश्चंद्र झारिया, अधिवक्ता राकेश अग्रवाल, अधिवक्ता आई के झारिया, अधिवक्ता राकेश पाठक, अधिवक्ता ललित श्रीवास्तव, अधिवक्ता अमित गुप्ता, अधिवक्ता कमल साहू, अधिवक्ता एनएल गुप्ता, अधिवक्ता भजन चक्रवर्ती, अधिवक्ता जागेश्वर पङवार, अधिवक्ता निर्मल कुमार, अधिवक्ता सृष्टि मेहरा, अधिवक्ता अभय राय सहित विधिक सेवा समिति शहपुरा के लिपिक महेन्द्र कुडापे उपस्थित रहे है ।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम बिलासर में कार्यक्रम संपन्न

**डिण्डौरी।** विकसित भारत सकल्प यात्रा विकासखण्ड अमरपुर के ग्राम बिलासर पहॅुची जहॉ ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया ने कहा कि अब कोई भी व्यक्ति सरकारी दफतरों के चक्कर लगाने व परेशान होने की जरूरत नही है,अब सरकार आपके द्वार खुद आयेगी और केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को घर बैठे लाभ देगी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार गरीब, शोषितों व वंचितों के कल्याण हेतु समर्पित है। पहले की कांग्रेस सरकार सिर्फ सत्ता सुख भोगती थी, उन्हे राज्य के विकास से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नही था उनका उद्देश्य खुद का विकास करना था, आपको याद होगा कांग्रेस की सरकार मे रोड़ का पता नही था, लाइट कभी आती नही थी हमेशा अंधेरा बना रहता था, लेकिन जबसे भाजपा की सरकार आयी है आज पूरे प्रदेश मे चमचमाती सड़के एवं चैबिस घंटे बिजली ये सिर्फ भाजपा सरकार मे ही संभव है। आज पूरे प्रदेश को मे हर वर्ग के विकास के लिए हमारी म.प्र. की सरकार कार्य कर रही है, जिसमे वर्तमान मे लाड़ली बहना योजना ये योजना न सिर्फ महिलाओं को सशक्त करेगी बल्कि इस योजना के माध्यम से महिलाऐं आत्मनिर्भर बनेगी जिससे प्रदेश व राष्ट्र सशक्त होगा। पहले 20 हजार घर, 30 हजार शौचालय जैसे लक्ष्य हुआ करते थे। लेकिन प्रधानमंत्री श्री



मोदी जी ने देश में पहली बार संपूर्ण सेचुरेशन का कांसेप्ट दिया। हर घर में शौचालय, हर जरूरतमंद माता-बहन को गैस कनेक्शन, हर घर में नल से जल जैसी योजनाएं संपूर्ण सेचुरेशन की ही उदाहरण हैं। संपूर्ण सेचुरेशन को हासिल करने के लिए ही मोदी सरकार ने प्रदेश के 80 लाख घरों में शौचालय बनाए हैं, तो 1.2 करोड़ प्रधानमंत्री अन्न योजना के कॉर्ड बनाए हैं। 10.87 लाख गैस सिलेंडर बांटे गए हैं। 42 लाख प्रधानमंत्री आवास बनाए गए हैं। 4000 कि.मी. नए राजमार्ग बनाए जा रहे हैं। रीवा, ग्वालियर और जबलपुर एयरपोर्ट का विकास हो रहा है, 35 रेल्वे स्टेशन विश्वस्तरीय बनाए जा रहे हैं। प्रदेश की विकास दर 16 प्रतिशत हो गई है और सिंचाई क्षमता 47 लाख हेक्टेयर पर पहुंच गई है। प्रदेश की 46 लाख बेटियां लाडली लक्ष्मी बन चुकी हैं। प्रदेश में 24 मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं और मेडिकल, इंजीनियरिंग तथा पॉलीटेक्निक की पढ़ाई हिंदी में शुरू कराई जा रही है। उक्त कार्यक्रम मे वरिष्ठ नेता धोबीसिंह परस्ते, मण्डल अध्यक्ष कृष्णकुमार मिश्रा, जिला कार्यालय मंत्री पुनीत जैन, क्षेत्रीय जनपद सदस्य रामकिशोर ठाकुर, मण्डल मंत्री किशोर मार्को, रिखीराम ठाकुर, शोभाराम ठाकुर, पार्वती बर्मन सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहें।

# शीत लहर ठंड का बढा प्रकोप सुबह छाया रहता है कोहरा



**शहपुरा।** डिंडोरी जिला में शीत लहर का असर बढ़ने के साथ अब कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो गया है। शनिवार को पूरे दिन तापमान अधिकतम 26 से देर शाम न्यूनतम आठ डिग्री सेल्यिस के बीच रहा। मौसम में जारी उतार-चढ़ाव के मद्देनजर तापमान में लगातार परिवर्तन की स्थिति देखी जा रही है। वनांचल क्षेत्रों में सर्द हवा का अधिक असर देखा जा रहा है। ठंड से बचने के लोग गर्म कपड़े व अलाव का सहारा ले रहे हैं। बदली छंटने के बाद कंपाने वाली ठंड में इजाफा हो गया है।आसमान साफ होने व शीत लहर असरकारी से ठंड का असर तेज हो गया है। दोपहर में जहां धूप भाने लगी है, वहीं छांव में जाने से ठंड लगने लगती है। सुबह के समय वातावरण में घना कोहरा छाया रहता है। लोग सूरज निकलने का बेसब्री से इंतजार रहता है। गुनगुनी धूप लोगों को सुहानी लगने लगी है। दोपहर के बाद सूरज ढलने की स्थिति में ठंड का असर फिर तेज होने लगता है। सुबह व शाम के समय घना कोहरा छाया रहता है। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले कुछ दिनों तक शीत लहर का प्रकोप जारी रहेगा। पर्वतीय क्षेत्रों में शीत लहर व कोहरे का अधिक असर देखा जा रहा है। बीते वर्ष जहां दिसंबर माह के दूसरे सप्ताह तक तापमान 27 से 8 डिग्री सेल्सियस था, जो इस वर्ष घटकर एक से दो डिग्री सेल्सियस कम हो गया है। तापमान में आई कमी के कारण प्रशासनिक कार्यालयों के अलावा अन्य क्षेत्रों में कामकाज में असर होने लगा है। मौसम में तेजी से जारी परिवर्तन की वजह से सर्दी जुकाम जैसी बीमारियों के बढ़ने के साथ स्नोफिलिया का असर देखा जा रहा है।

### शाम होते ही नगर में पसर जाता है सन्नाटा

दिन छोटा व रात बड़ी होने के कारण शाम 5.30 के बाद अंधेरा पसर जाता है। शीत लहर का प्रकोप होने से देर शाम के समय सड़कों में सन्नाटा पसर जाता है। ठंड का असर होने से लोग देर शाम यात्रा करने से परहेज कर रहे हैं। घना कोहरा होने के कारण वाहन चालकों को भी देर शाम समस्या होती है।

### अलाव की नहीं व्यवस्था

नगर परिषद की ओर से ठंड से बचने के लिए अलाव की व्यवस्था प्रतिवर्ष की जाती है। चैक चैराहों में लकड़ियों का पर्याप्त इंतजाम नहीं किया जा रहा है। देर शाम आवागमन करने वाले राहगीरों को खासी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। राहत पाने के लिए लोग कागज पॉलीथिन आदि को जलाकर अलाव ताप रहे हैं।

# सारसडोली,मेंहदवानी,कठौतिया में सम्पन्न विकसित भारत संकल्प यात्रा

### मेंहदवानी में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे का भव्य स्वागत, लड्डुओं से तौला

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी ।** जनपद पंचायत मुख्यालय मेंहदवानी सहित सारसडोली कठौतिया में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगमन हुआ।इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर सभी विभागों के स्टाल लगाए गए थे जहां पंजीयन के बाद आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के मुख्य अतिथि शहपुरा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के प्रथम आगमन पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया और गुदुम बाजे के साथ जुलूस निकाला गया। विधायक द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन कर मां भारती को पुष्पहार चढ़ाकर किया गया। मेंहदवानी में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा नवनिर्वाचित विधायक ओमप्रकाश धुर्वे को विशाल माला पहनाकर स्वागत किया गया और लड्डुओं से तौला गया। बाद में लड्डुओं को कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को वितरण किया गया। विधायक व पूर्व केबिनेट मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को चुनाव जिताकर विधायक व भाजपा सरकार बनाने पर आभार व्यक्त किया गया। अपने



सम्बोधन में श्री धुर्वे ने कहा कि अब आपको योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आफिसों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे इसलिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को आपके बीच लेकर आए हैं आप अपने आवेदन का पंजीयन कराकर संबंधित विभाग को दें जिससे अधिकारी आपकी समस्या का मौके पर निराकरण करें।

विधायक ने बताया कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार एवं केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पाने से जो हितग्राही छूट गए हैं उन्हें योजनाओं का लाभ मिलेगा ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने किसान सम्मान निधि, आयुष्मान उपचार योजना, उज्जवला गैस योजना, लाड़ली बहना योजना के बारे में बताया इसके साथ ही जानकारी दी कि अब किसान क्रेडिट कार्ड भैंस गाय मालिक का भी जारी किया जा रहा है।

मेंहदवानी क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर विधायक धुर्वे ने बताया कि हर घर तक पानी पहुंचाने के लिए 300 करोड़ रुपए स्वीकृत हो चुके हैं जिससे दनदना जलाशय, नर्मदा नदी एवं बिलगढ़ा बांध से पानी लाकर लोगों के घरों तक पहुंचाया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे के अलावा भाजपा जिला उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुर्गेश साहू, मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, महामंत्री सुदामा बर्मन, वरिष्ठ नेता रामगोपाल साहू, मीडिया प्रभारी संदीप रजक, रामस्वरूप साहू, सुदामा साहू, रमेश साहू, गजाधर साहू, ठेकेदार ईश्वरी प्रसाद साहू, सीईओ अरविंद कुमार बोरकर,नायब तहसीलदार सुखमन सिंह कुलेश, थाना प्रभारी प्रभु दास मोंगरे,वन परिक्षेत्र अधिकारी मनीष पटैल,खंड पंचायत अधिकारी के एल झारिया, सभी विभाग प्रमुख, सचिव, रोजगार सहायक, मोबिलाइजर सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अवैध उत्खनन पर ट्रेक्टर- ट्राली जप्त

**नरसिंहपुर ।** खनिज विभाग द्वारा जिले की तेंदूखेड़ा तहसील के ग्राम लिंगा स्थित नर्मदा नदी खसरा क्रमांक 98 के अंशभाग पर रेत खनिज का अवैध उत्खनन होने संबंधी जांच की गई। जांच के दौरान अवैध उत्खनन स्थल से एक ट्रेक्टर ट्राली क्रमांक एमपी 49 एबी 2846 को जप्त कर नियमानुसार पुलिस थाना पलोहाबड़ा में अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज शाखा प्रभारी अधिकारी ने मौके पर 96.23 घनमीटर रेत खनिज का अवैध उत्खनन किया जाना पाया गया। अवैध उत्खननकर्ता सतीश आत्मज सुरेश पटैल निवासी तेंदूखेड़ा तहसील के ग्राम छत्तरपुर के विरूद्ध 3 लाख 60 हजार 862 रुपए का अर्थदण्ड प्रस्तावित किया। उक्त प्रकरण को माननीय न्यायालय को भेजा गया है।

### घर के बाहर खड़ीं दो कार और बुलट आग में जली

**नरसिंहपुर ।** बीती रात थाना क्षेत्र गोटेगांव थाना की झोतेश्वर चौकी अंतर्गत ग्राम श्रीनगर में अज्ञात लोगों ने घर के बाहर खड़ी दो कार और एक बुलट मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर फरार हो गये। घटना के बाद से ही आग लगाने वाले अज्ञात लोगों की तलाश कर रहे हैं। वहीं इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने जांच तो शुरू कर दी है लेकिन मामला ठंड से भी जोड़ा जा रहा है और पुलिस के अनुसार तेज ठंड से बचने किसी के द्वारा आग जलाकर बैठे होने और उसी से आग लगने की बात प्रथम दृष्टया की जा रही है। गोटेगांव के श्रीनगर निवासी मूयीम खान ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उनके घर एवं एक वेन्यू कार, एक स्विफ्ट कार और एक बुलेट में आग लगा दी जिससे दोनों कार सहित बाइक जलकर खाक हो गई और घर का हिस्सा भी जल गया। कार मालिक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव व भव्य चल समारोह कल

**करेली ।** नगर मे श्रीराम, राघव, रामचंद्र, रघुवीर, रघुनंदन, राजीवलोचन, जानकीवल्लभ, कौसलेय, महाभाग, महायोगी, महासार, सर्वतीर्थमय, परात्पर, सच्चिदानंदविग्रह, मयार्दा पुरुषोत्तम, सनातन कुल आराध्य, राजाराम, प्रभु श्री रामलला के पावन अयोध्याधाम में दिव्य एवं वैभवपूर्ण दर्शन का अवसर संपूर्ण भारतवर्ष को प्राप्त होगा। भारत गौरव के अवसर को भव्यातिभव्य स्वरूप प्रदान करने, संपूर्ण भारतवर्ष को श्रीराममय करने देश के विभिन्न शहरों, नगरों, ग्रामों में विविध कार्यक्रम, अनुष्ठान आयोजित किया जा रहे हैं। जिस क्रम में करेली खंड के अंतर्गत प्रभु श्रीराम वंदना के विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कल पौष कृष्ण एकादशी, रविवार 7 जनवरी 2024 को करेली खंड के अंतर्गत श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, भव्य वाहन रैली व शोभायात्रा के अंतर्गत करेली खंड के 156 ग्राम, 5 उपखंड, 18 मंडल की 5 यात्राएं निकाली जावेगी।

### जितेंद्र गढ़वाल होंगे नये नगर निरीक्षक



नरसिंहपुर की यातायात व्यवस्था देख रहे जितेंद्र गढ़वाल अब तेंदूखेड़ा के नये नगर निरीक्षक होंगे। तथा तेंदूखेड़ा में पदस्थ नगर निरीक्षक उमेश तिवारी को डोंगरगांव (गाडरवारा) का नगर निरीक्षक बनाया गया है। गौरतलब रहे कि नगर निरीक्षक उमेश तिवारी अगस्त माह में ही तेंदूखेड़ा में आये थे। लगभग पांच माह बाद पुनः यहां से स्थानांतरित हुये हैं। चूंकि श्री गढ़वाल नरसिंहपुर में यातायात पुलिस व्यवस्था में संलग्न बनें हुए थे।अब देखना यह है कि श्री गढ़वाल क्षेत्र में व्याप्त विसंगतियों पर कितनी लगाम लगा पाते हैं। लोगों को इनसे अपेक्षाएं रहेंगी।

## कलेक्टर ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# कलेक्ट्रेट के विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

**शनिवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में शनिवार को राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।**





हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंजली शाह,राजनैतिक दलों से नरेन्द्र राजपूत, अमितेन्द्र नारोलिया, भब्बूलाल अहिरवार, लाल सिंह गौतम, शैलेन्द्र सिंह जाट, सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि एक जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के मान से निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके अनुसार 6 जनवरी 2024 को एकीकृत निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन, 6 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक की अवधि में दावे-आपत्ति दाखिल और 13 से 14 जनवरी 2024 विशेष कैम्प आयोजित किये जायेंगे।

### निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से मतदान

2 फरवरी 2024 तक प्राप्त दावे- आपत्तियों का निराकरण किया जायेगा और 6 फरवरी 2024 तक निर्वाचक नामावली की स्वास्थ्य मापदंडों की जांच एवं आयोग से अंतिम प्रकाश की अनुमति प्राप्त की जायेगी। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 को किया जायेगा। जिले में 962 मतदान केंद्र है। श्रीमती पटले ने कहा कि निर्वाचन को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए मतदाता सूची का शुद्ध एवं पूर्ण रूप से त्रुटिरहित होना जरूरी है।इसके लिए उन्होंने यहाँ मौजूद सभी दलों के प्रतिनिधियों से इस कार्य में सहयोग करने की अपील की।

### कलेक्टर ने किया विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण

नवागत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कलेक्ट्रेट में सामाजिक न्याय,जिला शहरी विकास अभिकरण,महिला एवं बाल विकास, कृषि एवं कल्याण विकास, नजूल शाखा, रिकार्ड रूम, आधार केन्द्र, कोषालय, जनसुनवाई हॉल, संस्थागत वित्त, खाद्य विभाग, जिला आबकारी विभाग,योजना एवं सांख्यिकी,लोक सेवा आदि का निरीक्षण किया और यहाँ मौजूद अधिकारियों एवं स्टाफ से चर्चा कर विभागीय योजनाओं की जानकारी ली।


### समय पर मिले योजनाओं का लाभ

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ संबंधित विभागों द्वारा समय पर दिया जाये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनसुनवाई हॉल के समीप स्थान पर रखी पुरानी सामग्री को हटवाने के निर्देश दिये। रिकॉर्ड रूम निरीक्षण के दौरान उन्होंने यहाँ व्यवस्थित रूप से प्लास्टिक के डिब्बों में रखे दस्तावेजों को देखकर कहा कि अन्य दस्तावेजों का संधारण भी इसी तरीके से हो। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती अंजलि शाह सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं कलेक्ट्रेट का अमला मौजूद था।

### अधिकारियों को दिए निर्देश

नवागत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने शनिवार को नरसिंह भवन सभागार में जिला अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं,अभियानों एवं अन्य कार्यों का संपादन निर्धारित समय सीमा में बेहतर तरीके से सुनिश्चित करें। शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जायें। इन सबके अलावा जिले में नवाचार किया जाये। आपसी समन्वय बनाकर टीम वर्क के साथ कार्य करें। आवश्यक एवं महत्वपूर्ण सूचनाओं का आदान प्रदान त्वरित रूप से हो। बैठक में जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार, अपर कलेक्टर अंजली शाह, समस्त एसडीएम, सीएमओ, सीईओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# जैन मंदिर की अष्ट धातु की चार मूर्तियां व सिंहासन भी चोरी





हरिभूमि नयूज - करेली ।

बीती रात नगर के हृदय स्थल माने जाने वाले शुभम कॉलोनी में स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर से भगवान की चार प्रतिमाएं की चोरी हो गई मूर्तियां मंदिर के नीचे की बेदी में विराजित थीं चोरी हुई मूर्तियों के साथ ही एक चांदी का सिंहासन भी शातिर चोर ले गए, चोरी की पुरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरा में चोर चोरी करते नजर आए है, सुबह मंदिर खोलने आए जितेंद्र जैन ने मंदिर का दरवाजा खोलते ही देखा कि मंदिर में स्थित चार मूर्तियां जो की अष्टधातु से निर्मित थी गायब हैं, तुरंत ही पुलिस को सूचना दी गई कार्यवाही करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसडीओपी मोनिका तिवारी एवं करेली थाना नगर निरीक्षक आशीष धुर्वे पुलिस दल के साथ पहुंचे, डॉग स्क्वायड के साथ फॉरेंसिक जांच की टीम ने शुरूआती जांच प्रारंभ की, मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया जो प्रतिमाएं चोरी गई हैं उनमें 9 इंच की जर्मन सिल्वर भगवान आदिनाथ की प्रतिमा, अष्टधातु की चंद्र प्रभु भगवान की 9 इंच की प्रतिमा, भगवान शांतिनाथ की 9 इंच की अष्टधातु की प्रतिमा और भगवान महावीर स्वामी की 7 इंच की अष्टधातु की प्रतिमा सहित चांदी का सिंहासन चोरी गया है। करेली सकल जैन समाज द्वारा स्थानीय जैन मंदिर से लेकर मुख्य मार्ग होते हुए मोन जुलूस निकालकर इस चोरी की घटना का विरोध एवं मूर्तियों की शीघ्र बरामद करने एवं चोरों को गिरफ्तार कठोर सजा दिलाने की मांग को लेकर करेली थाने पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागेंद्र पटेरिया को आक्रोसित ज्ञापन दिया गया, करेली थाने में ज्ञापन देने करेली दिगंबर जैन समाज ,करेली मुमोछु जैन समाज ,श्वेतांबर जैन समाज ने सैकड़ो की संख्या में पहुंच कर ज्ञापन प्रेषित किया, ज्ञापन के पश्चात पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया ।करेली नगर में चोरी का सबसे बड़ा कारण खुले आम सटोरियों का जमावडा समझ में आ रहा है और पुलिस के द्वारा रात्रि में गस्त भी नहीं की जा रही है मध्य प्रदेश सरकार के नवागत मुख्यमंत्री द्वारा लगातार अपराधों के लिए सख्त निर्देश दिए जा रहे हैं पर करेली शहर में सटोरियों का जमावड़ा देखने मिल रहा है सट्टा की पट्टी खुलेआम काटी जा रही है कहीं ना कहीं जनप्रतिनिधि एवं पुलिस प्रशासन की मिली भगत से यह कारोबार जोरों से चल रहा है सूत्रों द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है कि कुछ छुट्ट भैया नेताओं का इनको संरक्षण दिया जा रहा है जो वर्तमान सरकार में कार्यकर्ता है और अपनी दबंगता के चलते इन अपराधियों से यहां सामाजिक विरोधी कार्य करवाए जा रहे है ।



# भाजपा किसान मोर्चा की जिला बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

शनिवार को भाजपा किसान मोर्चा की महत्वपूर्ण कामकाजी बैठक गाडरवाडा मंडल मे आयोजित की गई जिसमें किसान मोर्चा के जिला प्रभारी संदीप रघुवंशी, जिलाध्यक्ष मोहरकांत गुर्जर व मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारियों की उपस्थित में सम्पन्न हुई बैठक में सर्वप्रथम महापुरूषों व भगवान बलराम के चित्र पर पूजन अर्चन कर मार्ल्यापण किया गया तत्पश्चात हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव में जिले व प्रदेश में मिली ऐतिहासिक जीत के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। इस प्रस्ताव में जिले भर के लघु सीमांत व बडे किसानों को भाजपा के पक्ष में मजबूत व स्थाई सरकार प्रदान करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कामकाजी बैठक में हाल में सम्पन्न हुई केबिनेट बैठक में श्री अन्न (मोटे अनाज) पर प्रति किलो 10 रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान करने हेतु प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस निर्णय से दूरगामी परिणाम होगे और सम्पूर्ण किसान इस निर्णय से लाभान्वित होगा। बैठक में किसान मोर्चा की आगामी कार्ययोजना को लेकर विस्तृत चर्चा व सबकी सहमति से आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई। कार्यक्रमों के अन्तर्गत महासंपर्क अभियान के अंतर्गत चलो गांव अभियान के लिए 24 घंटे के लिए प्रवासी कार्यकर्ता, किसान मोर्चा की ओर से विकसित भारत एंबेसडर प्रभारी के विषय में चर्चा, ग्राम परिक्रमा - पेड़ की छांव अपना प्यारा गांव अभियान (पंचायत स्तर तक) चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत गांव में वृक्ष के नीचे चैपाल का आयोजन किया जाएगा। 8 जनवरी 2024 को अभियान का शुभारंभ कर 25 जनवरी 2024 तक चलाना है। जिसमें अतिथि के रूप में पार्टी के विधायकगण जिला पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी के कार्यकतार्ओं को आमंत्रित करना है जिसमें प्राकृतिक कृषि एवं अन्न (मोटे अनाज) उत्पादन के लिए किसानों को प्रेरित करना है एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे जानकारी देना है। मंडल स्तर पर ड्रोन दीदी प्रभारी भी नियुक्त करना। जिसके लिए कार्य योजना तैयार की गई। बैठक की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि बैठक में मनोज जाट चद्रपाल राजपूत सुजान सिंह सहित भाजपा किसान मोर्चा जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्षों व किसानों की उपस्थिति रही।

# सर्व स्वर्णकार महा संगठन का मिलन एवं अभिनंदन समारोह सम्पन्न




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

गत दिवस सर्व स्वर्णकार महा संगठन का मिलन एवं अभिनंदन समारोह राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ.विश्वनाथ सोनी राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में बरमान सर्व स्वर्णकार सामुदायिक सदन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने समाज में संस्कार के महत्व को प्रतिपादित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में मां की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। क्योंकि परिवार में मां सभी को संस्कार देती है। आधुनिक युग में संस्कारों की कमी के कारण बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा तो मिल जाती है, परंतु संस्कार विहीन शिक्षा का कोई महत्व नहीं है। आपने जयपुर स्वर्णकार समाज का उदाहरण देते हुए कहा कि 22 बच्चों को एक- एक परिवार ने गोद लिया है। जिन्हें प्राथमिक शिक्षा से लेकर महाविद्यालय और विदेश की शिक्षा की जिम्मेवारी भी गोद लेने वाला परिवार उठाता है। यह अनुकरणीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सर्व स्वर्णकार महासंगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विश्वनाथ सोनी ने कहा कि हमें विशुद्ध सनातन संस्कृति आत्मसात करने की जरूरत है। वर्तमान में सनातन का सूर्य देश में ही नहीं पूरे विश्व में अपनी धमक बनाए हुए है। कृष्ण जन्मभूमि न्यास के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सोनी इंदौर ने कृष्ण जन्मभूमि के लिए पूरे देश को जुटने की बात कही। अन्य वक्ताओं में राव नीतिराज सिंह नरेश जोहरी राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष भोपाल, श्रीमती निशा सोनी जिला महिला अध्यक्ष भाजपा नरसिंहपुर, विक्रम सोनी सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष सागर, बालकिशन सोनी जिलाध्यक्ष सर्व स्वर्णकार महासंगठन सागर, श्रीमती मंजू सोनी जबलपुर ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का प्रतिवेदन राष्ट्रीय महामंत्री तेजराम सोनी ने प्रस्तुत किया। संचालन सौरभ सोनी ने तथा राष्ट्रीय संगठन मंत्री ताराचंद सोनी बरमान ने आभार व्यक्त किया। विशाल मिलन एवं अभिनंदन समारोह बरमान सर्व स्वर्णकार सामुदायिक सदन (धर्मशाला) में आयो जित हुआ। राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी ने पांच लाख रुपए धर्मशाला को देने की घोषणा की।

# अखिल भारतीय साहू समाज सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



शनिवार को साहू समाज के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों द्वारा पत्रकारवार्ता कर रविवार को आयोजित होने वाले सम्मेलन की विस्तृत जानकारी दी गई । पत्रकारों को संबोधित करते हुये प्रदेश अध्यक्ष द्वारका प्रसाद साहू द्वारा बताया गया कि साहू समाज का 16 बाँ राष्ट्रीय युवक युवती परिचय सम्मेलन 7 जनवरी को डी एम पैलेस करेली में सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगा। इस सम्मेलन में पूरे देश से दस हजार से अधिक साहू समाज के लोग भाग लेंगे। सम्मेलन को लेकर साहू समाज में व्यापक उत्साह और उमंग है सम्मेलन को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। अभी तक 15 सम्मेलन हो चुके हैं पहले सम्मेलन महानगरों में होता था किंतु इस बार समाज का हर वर्ग मौजूद हो सके इसलिए सम्मेलन को करेली में रखा गया है। प्रदेश अध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि सम्मेलन में करीब 1200 युवक युवतियों के बायोडाटा प्राप्त हुए हैं। सम्मेलन के दौरान उड़ान पुस्तिका का विमोचन एवं सम्मान समारोह भी होगा। संगठन के पूर्व अध्यक्ष संरक्षक भगवान दास साहू ने बताया कि सम्मेलन में प्रतिभाशाली छात्राओं अन्य प्रतिभाओं, वरिष्ठ जनों एवं विशिष्ट कार्य करने वाले स्वजातीय लोगों को सम्मानित किया जाएगा। मध्यप्रदेश साहू समाज के प्रदेश पदाधिकारी रवि साहू ने बताया कि सभी के सहयोग से अभी तक के सभी सम्मेलन सफल रहे हैं और उनके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं लोगों को अपने अनुसार वर वधु को चयनित करने का अवसर भी मिलता है। सम्मेलन में सामाजिक कुरीतियों एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा होगी तथा सकारात्मक संदेश के कार्यक्रम भी होंगे। प्रदेश पदाधिकारी के पी साहू ने जानकारी दी कि संगठन के प्रयासों के कारण उज्जैन में साहू समाज का एक बड़ा भवन मां कर्मा देवी का मंदिर, सामुदायिक भवन एवं अन्य निर्माण कार्य होंगे। यहां स्कूल कॉलेज एवं अस्पताल आदि बनाने की भी योजना प्रस्तावित है। मध्य प्रदेश साहू समाज के नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष मोहन लाल साहू मासाब ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8 बजे संगीतमय शोभायात्रा से होगी यह शोभायात्रा करेली के गांधी भवन से प्रारंभ होकर बरमान चौराहा होते हुए मेन रोड से कार्यक्रम स्थल डी एम पैलेस करेली पहुंचेगी। प्रातः 11 बजे भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की पूजन के बाद सम्मेलन प्रारंभ होगा। सम्मेलन के दौरान अनेक वक्ता समाज की प्रगती उन्नति के लिए विचार रखेंगे । उक्त मौके पर चौधरी अशोक साहू , चौधरी राजेश साहू, एडवोकेट हरिओम साहू , सुभाष साहू, मनीष साहू बंटी के अलावा संगठन के अनेक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।